हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025



### वोट डालने में महिलाओं से आगे रहे पुरूष मतदाता, जिले के छुरिया नगर पंचायत में सबसे अधिक 93.13% मतदान

# शहरी सरकार चुनने मतदाताओं में दिखा उत्साह, जिले में 75.8% वोटिंग, नांदगांव में सबसे कम 74% ने डाला वोट

**मतदान के दौरान शहर के कुछ बुथ में होती रही नेताओं के बीच जुबानी नोक झोंक, बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में 15 फरवरी को मतगणना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेशभर में मंगलवार को मतदान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिले के पांच निकाय में भी शहरी सरकार चुनने मतदाताओं में जोरदार उत्साह देखने को मिला। खासकर पहली बार वोट डालने पहुंचे एवं बुजुर्ग मतदाताओं में जोश देखने को मिला। वहीं सुबह जहां ग्रामीण वार्डों में मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। वहीं शाम को शहरी इलाकों के वार्डों में मतदाता वोट डालने कतार में खड़े नजर आए।

आंकड़ों पर नजर डाले तो जिले में कुल 75.82 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। सबसे कम मतदान राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में देखने को मिला। यहां 74.12 प्रतिशत ने मतदान किया। वहीं सबसे अधिक मतदान जिले के छुरिया नगर पंचायत में हुआ। यहां 93.13 फीसदी ने केंद्र पहुंचकर अपना मतदान किया। ऐसे ही डोंगरगांव नगर पालिका में 77.85, एलबी नगर नगर पंचायत 90.64, डोंगरगांव नगर पंचायत में 81.31, अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत में 80, गंडई नगर पंचायत में 75 और छुईखदान नगर पंचायत में 83 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि मतदान की प्रक्रिया मंगलवार को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर शाम पांच बजे तक चली। हालांकि 5 बजे से पहले केंद्र पहुंचने वाले मतदाताओं को वोट डालने दिया गया। कुछ वार्ड में ईवीएम मशीनें खराब होने की सूचना भी सुबह सामने आते रही। हालांकि अधिकांश केंद्रों में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

### खास बातें

- नांदगांव 74.64
- डोंगरगढ़ नपा 77.86
- डोंगरगांव नपं 81.31
- छुरिया नपं 93.13
- एलबीनगर 90.64
- अं.चौकी नपं 80.06
- छुईखदान नपं 83.57
- गंडई नपं 90.64



### गांव में त्यौहार जैसा रहा माहौल शहर में देर शाम तक चली वोटिंग

मतदान के दिन निकाय के ग्रामीण वार्डों में सुबह से ही त्योहार जैसा माहौल देखने को मिला। महिलाओं की लंबी कतार मतदान केंद्रों के बाहर देखने को मिली। यहीं कारण रहा कि ग्रामीण इलाकों के वार्डों में मतदान का प्रतिशत भी बेहतर रहा। वहीं शहर के वार्डों में सुबह शांत माहौल देखने को मिला, शांतिपूर्ण तरीके से मतदान चलता रहा। हालांकि दोपहर बाद शहर के मतदान केंद्रों में भीड़ जुटना शुरु हुई, और शाम 4 से 5 बजे के बीच बड़ी संख्या में मतदान करने वोटर पहुंचे।

### मशीनों में आई खराबी

शहर के कुछ मतदान केन्द्रों में वोटिंग मशीन में खराबी आने से लगभग डेढ़-2 घंटे तक मतदान प्रभावित रहा। जिसको लेकर राजनांदगांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि मॉक पोलिंग के समय दो-तीन जगह पर मशीन खराब होने की समस्या आई थी। वहीं इसके बाद भी दो-तीन जगह पर मशीन खराब हुई है, जिसे बदला गया। उन्होंने कहा कि पार्षद की मशीन कमिश्निंग करने में वक्त लगता है। जिसके चलते मशीन बदलने में समय लग गया।

## मतदान के दिन दिखे कई रंग

### मधुमक्खी से हुई परेशानी

शहर के वार्ड नंबर 6 के दीनदयाल कॉलोनी समीप पानी टंकी में बने मधुमक्खी के छत्ते पर शरारती तत्वों द्वारा पत्थर मारे जाने पर मधुमक्खियों के झुंड से मतदाता परेशान हुए। इस दौरान अफरा-तफारी मच गई। इसके साथ ही पोलिंग बूथ पर मतदाता बूथ के भाग क्रमांक में उलझे रहे। मतदाता वार्ड क्रमांक के हिसाब से पोलिंग बूथ पर पहुंचे और लगभग आधे-पौन घंटे लाइन लगने के बाद उन्हें पता चला कि उनका वोट इस वार्ड के दूसरे भाग में है।

**पहले मतदान फिर जलपान :** मतदान करने पहुंची मोतीपुर क्षेत्र की ललित सिन्हा ने कहा कि पहले मतदान फिर घर का काम करने की सोंच लेकर उन्होंने मतदान को अहमियत दिया है और सुबह से मतदान करने पहुंची है।

### नेताओं ने की वोटिंग

*भाजपा और कांग्रेस के महापौर प्रत्याशियों ने अपने-अपने मतदान केन्द्रों में अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने दिग्विजय कॉलेज में बने वार्ड क्रमांक 38 के मतदान केंद्र क्रमांक 109 में वोट डाला। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने मोतीपुर स्कूल के वार्ड नंबर 8 के मतदान केंद्र क्रमांक 22 में सपरिवार पहुंचकर मतदान किया।*

### अपनी-अपनी जीत के दावे

*मतदान करने के बाद भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने सभी से मतदान करने की अपील करते कहा कि मैं जनता और भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी हूं। उन्होंने कहा कि जो फैसला जनता करेगी, वह परिणाम 15 तारीख को आ जाएगा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने कहा कि मतदाता युवा चेहरे को मौका देंगे। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं का काफी साथ मिला है। माता और बहनें भी उनके पक्ष मतदान करेंगी।*

नगरीय निकाय चुनाव में लोकतंत्र के प्रति उत्साह दिखाई दिया। सुबह से ही लोग पोलिंग बूथ के बाहर लंबी कतारें लगाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए खड़े रहे। इस दौरान कुछ पोलिंग बूथ में वोटिंग मशीन भी खराब हुई, तो कुछ वार्डों में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहमा-गहमी का माहौल भी बना रहा। नगरीय निकाय चुनाव के तहत महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाता में उत्साह नजर आया। पहले मतदान फिर दूसरा काम की तर्ज पर मतदान केन्द्रों के बाहर महिला और पुरुषों की खासी संख्या रही।









# चार पहिया वाहन के दुर्घटना से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल, चार गंभीर, भर्ती

छुईखदान/ अतरिया

**हरिभूमि न्यूज।** मंगलवार को बेमेतरा जिला से कुछ लोग बैतालरानी घाटी घूमने आए थे। वापस लौटते वक्त चार पहिया वाहन सड़क से नीचे उतरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे वाहन में सवार आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोंट आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिला के ग्राम देवकर से कुछ लोग बैतालरानी घूमने आए थे। घूमकर वापस लौटते वक्त सिलपट्टी मोड पर चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और सड़क से नीचे उतरकर ट्रांसफार्म के किनारे जा घुसा।

दुर्घटना के बाद हाय तौबा मचा गया था। उसी समय प्रचार से लौट रहे पद्मावतीपुर निवासी जनपद प्रतिनिधि लोकेश्वर चंदेल मौके पर पहुंचे और दुर्घटना की जानकारी 112 को दिया। घायलों को अपने वाहन से तत्काल छुईखदान प्राथमिक स्वस्थ केंद्र लेकर आया तथा उनके परिवार वालों को घटना की सूचना दिया। जानकारी अनुसार दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोंट आई है। जिनका उपचार किया जा रहा है। गंभीर चोंट आए लोगों को रिफर की तैयारी किया जा रहा था।



### हो सकती थी बड़ी घटना

चार पहिया वाहन में करीब दर्जनभर लोग सवार थे। जानकारी अनुसार तेज रफ्तार वाहन सिलपट्टी मोड़ में बिजली ट्रांसफार्मर के काफी करीब से निकलकर दुर्घटना हुआ। अगर वाहन ट्रांसफार्मर से टकरा जाता तो एक बड़ी घटना हो सकती थी।

### दुर्घटना से 10 घायल

बैतालरानी घूमने आए चार पहिया वाहन के दुर्घटना से 10 लोग घायल हुए हैं। जिनमें से 4 लोगों को गंभीर चोंट आने से जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। - **मनीष बघेल**, बीएमओ, छुईखदान

### फ्लाई ओवर में जेसीबी रखी ट्राला से ट्रक टकराया

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे में फ्लाई ओवर में ट्राला में जेसीबी रखी वाहन के पीछे से एक ट्रक जा टकराई। जिससे ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं ट्रक चालक केबिन में फंस गया, जिसे बाहर निकाले पुलिस द्वारा मशक्कत की जा रही है। । इस दौरान वाहनों की कतार फ्लाई ओवर में लगी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे फ्लाई ओवर नया बस स्टैंड के पास मंगलवार की देर शाम ट्राला में जेसीबी मशीन रखी हुई हालत में खड़ी थी। इसी दौरान नागपुर से रायपुर की ओर जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर उक्त ट्राला में जा घुसी। इस दुर्घटना में ट्रक का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक का चालक केबिन में फंस गया।



### वाहनों की लगी कतार

इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकालने के लिए घंटों मशक्कत करती रही। बताया गया कि एक ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई।बताया गया कि ट्रक चालक को मशक्कत बाद बाहर निकाल कर मेडिकल कालेज ले जाया गया।

# बस के भीतर यात्रियों से लूटपाट, नकाबपोश ने दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यात्री बस में चाकू की नोक पर यात्रियों से लूटपाट का मामला सामने आया है। घटना महाराष्ट्र के नागपुर में हुई थी। जिसके बाद छत्तीसगढ़ पहुंचकर यात्रियों ने राजनांदगांव कोतवाली थाना के सामने बस रूकवाया और थाना पहुंचकर अपनी पीड़ा बताई।

छत्तीसगढ़ से मजदूर काम के सिलसिले में हैदराबाद गए हुए थे, जो मतदान के लिए अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने नागपुर पहुंचकर नागपुर से रायपुर तक के लिए जागीरदार ट्रैवल्स की बस में सवार हुए। नागपुर के बस स्टैड के समीप ही 6-7 लोग बस में चढ़े, जिन्होंने रूमाल से अपना मुंह ढंक रखा। बस में चढ़े इन लुटेरों ने चाकू की नोक पर यात्रियों से लूटपाट करते उनसे रुपए छीन लिए। वहीं कुछ यात्रियों से ऑनलाइन रुपए भी ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद लुटेरे बस से उतर गए। वहीं बस महाराष्ट्र देवरी के समीप पहुंचने पर बस का कंडक्टर बस से पेट दर्द दे रहा का बहाना बनाकर उतर गया और बस मैं नहीं चढ़ा। इसके बाद यात्रियों को शक हुआ कि इन लुटेरे से बस के ड्राइवर और कंडक्टर की मिलीभगत है। लोगों ने छत्तीसगढ़ पहुंचते ही राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का बोर्ड देखते ही बस को रूकवाया और ड्राईवर की पिटाई भी कर दी।

### 25 यात्रियों से लूट

लगभग 35 सीटर की इस लक्जरी बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। बस में 25-26 यात्रियों से लूटपाट की गई है। इस मामले में राजनांदगांव कोतवाली टीआई रामेंद्र सिंह का कहना है कि बस के यात्रियों से पूछताछ की गई है। वहीं मामले की रिपोर्ट यात्री बिलासपुर थाना में कराएंगे।

### किसी को उतरने नहीं दिया

बस यात्रियों का कहना है कि लुटेरों ने बस को भीतर से बंद कर दिया था और किसी को भी उतरने नहीं दिया। वहीं सभी से नगदी रकम की लूट कर ली।

# जान से मारने की धमकी, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पीड़िता का हाथ-बांह पकड़कर छेड़खानी करने, सिर के बाल को काट कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल को तोड़ देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया ने थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 फरवरी को लगभग 11 बजे आरोपी द्वारा इनके घर के वेंटीलेशन को तोड़कर अंदर घुसकर बेइज्जत करने की नियत से हांथ-बांह एवं पेट को पकड़कर छेड़खानी कर प्रार्थिया के सिर के बाल को काटकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया और मोबाइल को तोड़ दिया है।

रिपोर्ट पर धारा 74,115(1), 296, 323(4), 332(सी), 351(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में चौकी सुकुलदैहान द्वारा आरोपी कुलदीप 20 साल निवासी ग्राम खुडमुड़ी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश से जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया है।

## जन्मदिन उत्सव
## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## माए एंगल




### निकाय चुनाव में पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वालों पर कार्रवाई

# मतदान बाद कांग्रेस की कार्रवाई, 19 बागी निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव के मतदान निपटने के बाद शहर कांग्रेस कमेटी ने शहर के 15 वार्डों में कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरे 19 प्रत्याशियों को निष्काषित कर दिया है। चुनावी प्रचार के दौर में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी लगातार बागी प्रत्याशियों को निष्कासित नहीं किए जाने की मांग कर रहे थे, लेकिन शहर कांग्रेस ने मतदान निपटने के बाद रूचि दिखाई है।



उल्लेखनीय है कि कांग्रेस द्वारा प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद कई नाराज नेताओं ने निर्दलीय रूप से चुनावी जंग में उतरकर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों को हलाकान कर दिया था। शहर के कुछ वार्ड में हालात यह भी दिखाई दिए हैं कि कांग्रेस प्रत्याशी से ज्यादा कांग्रेस के बागी प्रत्याशियों को अच्छा खासा रूझान मिला है। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी संगठन पर इन बागी प्रत्याशियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे, लेकिन संगठन ने इस मामले में रूचि नहीं दिखाई। मतदान निपटने के बाद कांग्रेस द्वारा बेक डेट पर एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें 15 वार्ड के 19 बागी प्रत्याशियों को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है।

### इन नेताओं पर निष्कासन की गई कार्रवाई

कांग्रेस ने वार्ड क्रमांक 4 से मैनाबाई टुरहाटे, वार्ड पांच से पार्वती निषाद, वार्ड नौ से प्रियंका वर्मा, वार्ड दस से समीर खान, वार्ड 11 से चुनाव लड़ रहे सिद्धार्थ डोंगरे को निष्कासित किया है। वहीं वार्ड 12 से विद्या तिरपुड़े, शशांक डोंगरे, वार्ड 18 से संगीता देवांगन, वार्ड 26 से श्यामबत्ती सिन्हा, वार्ड 27 से जितेन्द्र सिमनकर, वार्ड 28 अमित शरद कुशवाहा, वार्ड 29 शाहिन कुरैशी, वार्ड 33 शकुद चौहान, सुनीता सिन्हा, वार्ड 37 महेन्द्र बहादुर, वार्ड 39 विष्णुदेव धीवर, राजेश गुप्ता चंपू, दिलीप सिन्हा, वार्ड 40 से निर्दलीय चुनाव लड़ रही अंजु बंजारे को निष्कासित किया गया है।

### वरिष्ठ नेताओं से अभद्र व्यवहार, पूर्व पार्षद निष्कासित



प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जिला भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के साथ अभद्र व्यवहार करना पूर्व पार्षद गगन आईच को भारी पड़ गया। प्रदेश भाजपा ने श्री आईच को अनुशासनहीनता के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश भाजपा के महामंत्री जगदीश रामू रोहरा द्वारा जारी किए गए निष्कासन आदेश में उल्लेख किया गया है कि पूर्व पार्षद गगन आईच ने वरिष्ठ नेता के साथ अभद्र व्यवहार किया। साथ ही सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी भी की। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव प्रचार-प्रसार भी किया गया था। प्रदेश भाजपा ने श्री आईच को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया।










### बुजुर्ग और अशक्तों ने भी निभायी अपनी जिम्मेदारी, युवा भी सामने आए वोट डालने

# उत्साह के साथ शहर सरकार का भाग्य तय किया वोटरों ने, अब इंतजार मतगणना का



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर पंचायत की नई कार्यकारिणी के लिए मंगलवार को मतदान हुआ। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की गहमागहमी के बीच शात पांच बजते ही शहर की नई सरकार की मुखिया और पार्षदों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम में बंद हो गया, जिसका खुलासा आगामी 15 फ़रवरी को होगा। लोकतंत्र के पर्व का हिस्सा बनते हुए शहर के महिला पुरुष और युवाओं ने जमकर मतदान किया। मतदान करने में उन लोगों में खासा उत्साह रहा जो हाल के दिनों मे 18 साल के हुए और पहली बार अपने अधिकार का उपयोग करने पहुंचे थे।

स्थानीय नगर पंचायत के नए अध्यक्ष और 15 पार्षद के लिए मंगलवार को सुबह आठ बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान शुरू होने के पहले ही बूथों में मतदाता जुटने लगे थे हालांकि शुरुवाती दौर में संख्या कम रही। सुबह 10 बजे तक करीब 17.79 फीसदी मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। अगले दो घंटे में यह आंकड़ा बढ़ते हुए 41.63 प्रतिशत तक पहुंच गया। दोपहर 12 बजे तक 5765 पुरूष में से 2434 और 6177 महिलाओं में 2537 ने मतदान किया था। अपरान्ह दो बजे तक 56.9 प्रतिशत मतदान होने की खबर है।

### दिखे दिलचस्प नजारे

मतदान के दौरान कुछ हैरान करने वाले नजारे भी देखने मिले। वार्ड 14 में एक वयोवृद्ध महिला शारीरिक रूप में असक्त होने के बाद परिजनों की मदद से मतदान करने पहुंची तो वार्ड 4 में 103 वर्षीय हाजी कबीर अहमद खान ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इसी प्रकार वार्ड 5 और 8 में एक- एक महिला ने व्हीलचेयर से बूथ में जाकर मतदान किया।



### सात फेरों के पहले निभाया दायित्व

वार्ड 6 सेवताटोला निवासी और नगर पंचायत के कर्मचारी केजन साहू के घर विवाह समारोह चलने के दौरान सभी परिजनों ने मतदान किया। श्री साहू के पुत्र दुष्यंत साहू और पुत्री डिलेश्वरी साहू जिनका विवाह रींवाटोला निवासी तोमेश्वरी और मुर्राभट्टी गुढ़ीयारी रायपुर के मनीष कुमार ने होना तय हुआ है। दोनो भाई बहन ने तेल हल्दी की रस्म पूरी होने के बाद बूथ में जाकर मतदान किया। उनके बूथ में पहुंचने पर मौजूद जनप्रतिनिधि रामकुमार गुप्ता, हेमंत चोपड़ा, मनीष बोहरा, चन्द्रकला गुप्ता, गायत्री यादव, अरूणा देवांगन, पुलिस और चुनाव डयूटी में लगे कर्मियों ने उनका स्वागत किया।

## छुटपुट विवादों के बीच धर्मनगरी में संपन्न हुआ मतदान

**डोंगरगढ़।** पालिका चुनाव को लेकर सुबह से ही शहर में चुनावी माहौल नजर आने लगा था। शहर के 24 वार्ड के 34 बूथों के आसपास दोनों पार्टी ने स्टाल लगाकर मतदाताओं को रिझाने का अंत तक प्रयास किया। पहले चार घंटे में लगभग 15 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव को लेकर सबसे अधिक युवा उत्साहित दिखाई दिए। वार्डों में भाजपा और कांग्रेस अलावा निर्दलियों का प्रभाव देखने मिला। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमा रहे कुछ प्रत्याशी टक्कर देते नजर आए।

### पानी तक नहीं मिला

जानकारी के अनुसार शहर के कई मतदान केन्द्र में दोपहर से ही कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई थी। इन कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था तो दूर पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं था। कई केन्द्रो में कर्मचारियों के सोने के लिए देर रात को व्यवस्था किया गया। मतदान केन्द्र में रूके लोगों ने होटलो में जाकर खाना खाया। कुछ केन्दों में शौचालय एवं मूत्रालय नही होने के कारण मतदाता और कर्मचारियों को परेशान होना पड़ा।



### 28 हजार वोटर

जानकारी के अनुसार शहर में कुल 28040 मतदाता है जिसमें 13385 पुरूष, 14452 महिला एवं तृतीय लिंग के 3 मतदाता हैं। पहले शहर के 24 वार्ड में 31 बूथ थे। इस बार बूथों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे तक शहर के 13585 पुरूषों में से 4441ने तथा 14452 महिलाओं में 4565 ने मतदान किया। दोपहर दो बजे तक कुल 54.43 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। शाम चार बजे तक मतदान का आंकड़ा 70.62 फीसदी तक पहुंच गया। चार बजे तक 9318 पुरूष और 10483 महिला मतदान वोट डाल चुके थे। जानकारी के अनुसार खालसा स्कूल और स्वामी आत्मानंद स्कूल में बने मतदान केन्द्र की ईवीएम खराब होने के कारण मतदान विलंब से शुरू हुआ। वहीं कुछ वार्डों में आपसी तकरार होने की जानकारी मिली है। बताया जाता है कि वार्ड 5, 6 और 13 में वाद विवाद की स्थिति बनी। कुछ वार्डों में थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने मौके पर पहुंचकर विवाद को शांति कराया।

## वोट डालने सुबह से बूथों में उमड़े छुरिया के मतदाता

**छुरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के नए अध्यक्ष और 15 पार्षदों के लिए विभिन्न मतदान केन्द्रों में आज मजदान हुआ। लोकतंत्र के महापर्व में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर मतदान किया। जानकारी के अनुसार सुबह आठ बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह 10 बजे तक 30.5 फीसदी महिला पुरूषों ने ही मतदान किया। 10 बजे के बाद बूथों में मतदाताओं की संख्या बढ़ने लगी और दोपहर 12 बजे तक मतदान का आंकड़ा 62.27 प्रतिशत तक पहुंच गया। दोपहर दो बजे तक शहर के 14442 पुरूष मतदाताओं में से 1092 और 1630 महिला वोटर में से 1347 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दो से चार बजे तक करीब 90 फीसदी मतदान होने की खबर है। जानकारी के अनुसार शाम चार बजे तक 1283 पुरूष और 1493 महिलाएं मतदान कर चुकी थी।

### एलबी नगर में उत्साह

ग्राम पंचायत से हाल के दिनों में नगर पंचायत का दर्जा हासिल करने वाल लाल बहादुर नगर में पहली बार हुए निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं ने जबरदस्त उत्साह देखा गया। शुरूवाती दो घंटे में 3611 मतदाताओं में से 31.93 प्रतिशत ने घर से बाहर मतदान किया। वहीं दोपहर 12 बजे तक 67.32 प्रतिशत मतदान की खबर है। जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे के बाद मतदान में और तेजी आई और दो बजे तक 1092 पुरूष और 1347 महिलाओं ने वोट डाला। जानकारी के अनुसार शाम चार बजे तक 89.27 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। अंतिम आंकड़ा आना शेष है।

## अंतर की राशि खाते में जमा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

राज्य सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य में धान खरीदी किया। जिन किसानों ने 17 जनवरी तक धान बेचा उन्हे निर्धारित 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान कर दिया गया है किंतु जिन्होंने 19 से 31 जनवरी के बीच धान बेचा है उन्हे अंतर की राशि नहीं मिली है। राशि नहीं मिलने से किसान परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार को पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतन यादव के नेतृत्व में तहसीलदार सोनित मेरिया को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में 19 से 31 जनवरी के बीच धान बेचने वाले किसानों को अंतर की राशि का भुगतान करने की मांग की गई है। पता चला है कि पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ज्ञापन सौंपने तहसील कार्यालय पहुंचे थे तब वहां कोई भी कर्मचारी मौजूद थे। श्री बघेल मौजूद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी युवराज वर्मा को ज्ञापन सौंप कर



### मैं चुनाव डयूटी पर

तहसीलदार सोनित मरिया ने बताया कि वह चुनाव ड्यूटी पर है। ज्ञापन सौंपने की जानकारी नहीं है। ज्ञापन सौंपा गया है तो बैंक प्रबंधक से जानकारी लेकर वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जाएगा। कृषक सेवा सहकारी समिति के एमडी गजेंद्र भारद्वाज ने बताया कि धान की पूर्ण जानकारी शासन को भेज दिया गया है। राशि उपलब्ध कराना शासन का काम है।

## नाटक सरबजीत का सफल मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकल्प एक प्रयास संस्था के तत्वावधान में दो दिवसीय सफ़ाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दूसरे दिन राजनांदगाँव नाट्य दल ने नाटक सरबजीत का मंचन किया गया। यह नाटक सत्य घटना पर आधारित है जिसमें मुख्य नायक सरबजीत जो पाकिस्तान सीमा पर शराब के नशे में चले जाता है और फिर शुरू होता है राजनीतिकरण। प्रदेश और देश की सरकार का ढुलमुल रवैया एक निर्दोष को सजा दिला देता है। देश की सरकार इस मुद्दे को विदेश नीति की दुहाई देकर खुद को अलग कर लेती है और फिर शुरू होता है सरबजीत की बहन और परिवार का संघर्ष। सरबजीत की राजनीतिक हत्या हो जाती है। एक घंटे के इस नाटक ने दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम में माँ बमलेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेवती मुख्य अतिथि थी। विशेष अतिथि के रूप में श्री बंजारी उपस्थित थे। संचालन निज़ार जीवा और मनोज गुप्ता ने किया।



## शिक्षिका को छेड़ा, हेडमास्टर के खिलाफ हुआ अपराध दर्ज

**डोंगरगांव।** शिक्षिका के साथ छेड़खानी की घटना के बाद कार्रवाई को लेकर शिक्षा विभाग की भूमिका पर सवाल उठने और साहू समाज के विरोध बाद आरोपी शिक्षक विष्णु शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। वही पुलिस अब तक गिरफ्तार करने में असफल रही हैं। पुलिस आरोपी को फरार बता रही है जबकि उसे शहर में ही देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला दीवान भेड़ी में पदस्थ महिला शिक्षिका ने पूर्व माध्यमिक शाला में तैनात प्रधानपाठक पर छेड़खानी करने का आरोप लगते हुए तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी मे रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ धारा 75, 126 (2), 351(2) के तहत जुर्म तो क़ायम कर लिया किन्तु अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस आरोपी को फरार बता रही है।

महिला अपराध को गंभीरता से नहीं लेते हुए कार्रवाई में विलम्ब होने के बाद साहू समाज ने बीते दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और पुलिस अधीक्षक से मुलाक़ात कर कार्रवाई की मांग किया था।

### एक दिन में सारी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार शिक्षक विष्णु शर्मा की चुनाव ड्यूटी लगी थी। उन्होंने गत 31 जनवरी को स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए अवकाश के लिए शाला में आवेदन प्रस्तुत किया था। इसी दिन ब्लाक मेडिकल आफिसर ने मेडिकल सर्टिफिकेट और रिटर्निंग अधिकारी ने ड्यूटी निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया।

### निलंबित पर गिरफ्तारी नहीं

मामले को तूल पकड़ता देखकर शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने गत 7 फ़रवरी को आदेश जारी कर आरोपी शिक्षक विष्णु शर्मा को निलंबित करते हुए बालोद जिले की उच्चतर माध्यमिक शाला कन्नेवाड़ा में अटैच कर दिया है।

### सरकार की योजनाओं से कराया अवगत

## छात्राओं के लिए उद्यमिता पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत डॉ. बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी डॉ. एके धमगाये के निर्देशन में महिला स्वरोजगार पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला आगामी 15 फरवरी तक चलेगी। कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को दीप प्रज्जवलन एवं राजगीत के साथ हुआ।

पहले दिन मुख्य वक्ता राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर सचिन वर्मा ने महिला स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दिया। उन्होंने रोजगार के क्षेत्र में जेंडर सेंसटाइजेशन विषय पर विचार रखें। उन्होंने महिला स्वरोजगार के उद्देश्य बताएं। उन्होंने बताया कि महिलाएं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बिना गारंटी के ऋण लेकर व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। स्टैंड अप इंडिया योजना में महिलाओ को 10 लाख से 1 करोड़ तक का ऋण मिलता है ताकि वह उद्यमिता में कदम रख सकें। उन्होंने छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना के माध्यम से भी वित्तीय सहायता मुहैया कराया जाता है। वहीं महिला उदयमिता प्लेटफॉर्म मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराता है। महिला शक्ति केंद्र योजना के तहत नेतृत्व और कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है।



### उद्यम के क्षेत्र में कदम रखें युवतियां

कार्यशाला में सहायक प्राध्यापक बी महोबिया, डॉ सीके साहू, रेणुका ठाकुर ने भी महिला स्वरोजगार विषय पर अपने विचार रखे गए। प्राध्यापकों ने विपरीत परिस्थितियों में भी छात्राओं को हिम्मत रखने एवं आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया। अंत में कार्यशाला की संयोजक प्रियांकी गजभिए ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन डॉ.नम्रता देवांगन, शिल्पा वासनिक ने किया।

## पूर्णिमा आज, नर्मदा कुंड में लोग लगाएंगे डुबकी

**सड़क अतरिया।** नर्मदा में माघ पूर्णिमा के अवसर पर कल बुधवार को कुंड में डुबकी लगाने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। पुन्नी मेला को लेकर सोमवार से दर्शनार्थियों का रेला लगा हुआ है। तीन दिवसीय मेला महोत्सव को लेकर नर्मदा सहित अन्य मंदिरों को आकर्षक लाईटिंग कर सजाया गया है। नर्मदा मेला महोत्सव का शुभारंभ मौके पर भाजपा नेता राकेश ठाकुर, तीरथ चंदेल, रवि भवनानी, आनंद पटेल, बिसाहू राम सिन्हा की मौजूदगी में मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर दीप जलाया गया। माघ पूर्णिमा के अवसर पर कल दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ सकती है। मेला में झुला, श्रृंगार, खिलौने, जलपान की दुकानों में खासी भीड़ देखने को मिल रही है। बुधवार को लोक मंजीरा रायपुर के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतू संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ध्यान से सुनने पर ही कथा का लाभ

**घुमका।** बड़े टेमरी के गौठान में सोमवार से रामकथा का आयोजन किया गया है। आयोजन के दूसरे दिन सूर्यवंश की गाथा, राम सीता जन्म कथा की कथा का वाचन अमलीपदर के पं. युवराज पांडे ने किया। कथावाचक पांडे ने बताया कि राम के प्रताप को जानने के लिए तर्क की नहीं जिज्ञासा की आवश्यकता है। राम कथा साक्षात महाकाली भगवती है। शिव शक्ति की कथा ही राम कथा है। कथा को ध्यान से श्रवण करने से लाभ मिलता है। कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। कथा का वाचन दोपहर 1 से 5 बजे तक हो रहा है। आयोजक समिति के राधेश्याम हरमुख़ ने बताया कि अंतिम दिवस 16 फ़रवरी को राम कथा के साथ भंडारा का आयोजन रखा गया है।

### बुजुर्ग मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के सभी नगरीय निकायों में मतदान 11 फरवरी को किया गया। मतदान केन्द्रों में सुबह से मतदाताओं की लंबी कतारें लग गई। जिले के नगरीय निकायों के मतदाताओं के लिए कई आदर्श मतदान बनाए गए हैं। जिनमें विशेष व्यवस्थाएं भी किए गए। मतदान केन्द्रों में युवाओं, महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्ग मतदाताओं में उत्साह देखा गया। बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान केन्द्र में आकर मतदान किया। बुजुर्ग मतदाताओं ने मैंने मतदान किया... सेल्फी जोन में अपनी सेल्फी भी ली और सेल्फी लेकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित भी किया। गोलबाजार राजनांदगांव की 85 वर्षीय बुजुर्ग मैनुबाई ने मतदान केन्द्र म्युनिसिपल स्कूल में अपने नाती रोशन नागवंशी के साथ पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। मैनुबाई ने बताया कि वे प्रत्येक निर्वाचनों के समय अपना वोट अवश्य देती है। उन्हें खुशी है कि लोकतंत्र के निर्माण में वह भी अपना मनपसंद का जनप्रतिनिधि चुनती है। वे कहती है कि मतदान केन्द्र में आकर मतदान करना बहुत अच्छा लगता है। बजरंगपुर नवागांव निवासी बुजुर्ग दंपत्ति 80 वर्षीय प्रेमलाल वर्मा और उनकी पत्नी 74 वर्षीय गौरीबाई वर्मा ने मोतीपुर स्कूल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 4 में पहुंचकर अपना मतदान कर मताधिकार का प्रयोग किया।

बुजुर्ग 83 वर्षीय बेनीमाधव श्रीवास्तव ने अपने बेटे के सहारे दिग्विजय कॉलेज स्थित मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। आदर्श मतदान केन्द्र शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय स्थित मतदान केन्द्र में राजीव नगर की 65 वर्षीय कुमारीबाई ने अपना मतदान कर सेल्फी बूथ में सेल्फी लेकर अपनी खुशी जाहिर की।

दोनों पार्टी ने किया जीत का दावा, रातभर रहा है गहमा-गहमी का माहौल

# गंडई और छुईखदान के मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर किया मताधिकार का प्रयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर पंचायत छुईखदान के अध्यक्ष चुनाव एवं पार्षदों के चुनाव के लिए आज मतदान हुआ। नगर पंचायत छुईखदान में 5885 मतदाता थे। जिसमें 4918 मतदाताओं ने अपने मत का अधिकार दिया, जो कुल मतदाता का 83.57 प्रतिशत है।

वार्ड नं. 01 में 235 वोट पड़े। वहीं वार्ड नं. 02 में 270 वोट, वार्ड नं. 03 में 411 वोट, वार्ड नं. 04 में 384 वोट, वार्ड नं. 05 में 341 वोट, वार्ड नं. 06 में 258 वोट, वार्ड नं. 07 में 328 वोट, वार्ड नं. 08 में 222 वोट, वार्ड नं. 09 में 289 वोट, वार्ड नं. 10 में 299 वोट, वार्ड नं. 11 में 415 वोट, वार्ड नं. 12 में 401 वोट, वार्ड नं. 13 में 299 वोट, वार्ड नं. 14 में 352 वोट एवं वार्ड नं. 15 में 414 वोट पड़े। पूरे नगर पंचायत में 83.57 प्रतिशत वोटिंग हुआ। ऐसा माना जा रहा है कि 2460 वोट पाने वाला प्रत्याशी चुनाव जीत सकता है।

### प्रत्याशियों ने दिया शालीनता का परिचय

चुनाव के दौरान ऐसा माना जाता है कि मतदान के दिन कोई न कोई विवाद हो ही जाता है, लेकिन दोनों ही प्रत्याशी रानी नम्रता गिरिराज वैष्णव और शीतल नवनीत जैन जहां पर मिले, एक-दूसरे के प्रति सम्मान प्रकट किए, जो नगर की संस्कार को प्रदर्शित करता है। वैसे तो मतगणना 15 फरवरी को है, लेकिन राजनीतिक पार्टियां अपना अपना दावा प्रस्तुत करती है।

### न कोई तकरार न कोई गहमा-गहमी

दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ता सुबह सात बजे से अपने-अपने वार्डों से मतदाता को सुबह 8 बजे से मतदान कराने जबर्दस्त लॉबिंग करते रहे, जो जाकर शाम 5 बज गया और लगभग 83.57 प्रतिशत ही मतदान हो पाया। इस दौरान न किसी प्रकार की कोई झड़प न कोई गहमा-गहमी देखने को मिला, जिसे लेकर नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मतदान को लेकर मतदाताओं में जबर्दस्त रहा उत्साह, दोपहर तक 75 प्रतिशत मतदान



**गंडई पंडरिया।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर इस बार मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। इस बार मतदाताओं ने दोपहर 2 बजे तक लगभग सभी 15 बूथों में 75 प्रतिशत मतदान कर लिए थे। हर वार्ड में निवासरत बुजुर्गों को सुविधा अनुसार मतदान केंद्रों तक ले जाया गया जहां बुजुर्गों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए पार्षद और अध्यक्ष के लिए मतदान किया।

वार्ड नम्बर 15 के लिए बनाए मतदान केंद्र में एक साथ तीन बुजुर्ग महिलाओं ने अपने मतदधिकार का प्रयोग करते हुए युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। बता दे कि नगर पंचायत गंडई में कुल 10228 मतदाता है जिसमें से महिला 5254 है एवं पुरुष मतदाताओं की संख्या 4974 है। रिटर्निंग आफिसर सुश्री रेणुका रात्रे ने बताया कि शाम 5 बजे तक मतदान किया गया है जिसमे 83.47 प्रतिशत मतदान अर्थात 8537 लोगों ने मतदान किया है। जिसमें महिलाओं की संख्या 4434 एवं पुरुषों की संख्या 4103 है। मतदान प्रक्रिया पूर्ण करा लेने के बाद सभी ईवीएम को विशेष सुरक्षा के साथ लाल मूरत सिंह खुशरो हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रख दिया गया है। आगामी 15 फरवरी को मतगणना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिसके बाद ही स्पष्ट हो पायेगा की किस प्रत्याशी को कितना वोट प्राप्त है।किसकी जीत हुई और किसकी हार हुई है।

## 80 प्रतिशत मतदान के साथ ईवीएम में कैद हुआ प्रत्याशियों की हार और जीत का फैसला



**मोहला।** अनुसूचित जनजाति जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के एकमात्र नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में आज शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के सभी 15 वार्डों में मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। कलेक्टर तुलिका प्रजापति, एसपी यशपाल सिंह नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में सुबह से देर शाम तक उपस्थित रहकर मतदान से संबंधित निर्वाचन संबंधी सभी बारीकियों पर निगरानी रखते रहे।निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण संपन्न होने पर उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों, मतदान दलों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में 80.06 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया है। मतदान उपरांत मतगणना की तैयारी की जा रही है। मेरेगांव स्थित स्ट्रांग रूम में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ईवीएम सील कर रखा गया है। मतगणना कार्य 15 फरवरी को किया जाएगा। मतगणना के लिए सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर लिया गया है।

### अध्यक्ष के लिए चार, पार्षद पदों के लिए 54

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के एकमात्र नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के चुनावी समर में नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से कमल फूल गुलाब गोस्वामी, कांग्रेस से पंजा छाप मनीष साहू, शिवसेना से तीर कमान से दिनेश ताम्रकार तथा कांग्रेस पार्टी को दरकिनार कर अपने पद से इस्तीफा देकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी गिलास छाप पर चुनाव लड़े हैं। इसी तरह नगर के 15 वार्डों में भाजपा, कांग्रेस, शिवसेना के साथ-साथ निर्दलीय पार्षद कुल 54 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला 15 फरवरी को मतगणना के साथ होना है।

## देश-दुनिया में नाम करने वाली चंद्रमणि पहुंची मनोहर गौशाला

### सभी सुविधाओं के साथ गौशाला में रहेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजधानी पंडरी में मनोहर कपड़े की दुकान के दरवाजे को खोलकर रोजाना दुकान के गद्दे में जाकर घंटों अपनी बछिया चंद्र परी के साथ बैठने वाली गौमाता चंद्रमणि धरमपुरा वार्ड के मनोहर गौशाला में शिफ्ट हो गई है। उसके उचित देखभाव को लेकर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने यह पहल की जिसके चलते चंद्रमणि गौशाला में सभी सुविधाओं के बीच अन्य गौमाताओं के साथ रहेंगी।

गौशाला परिसर में निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय का नाम भी चन्द्र मणि गौ चिकित्सा सदन व रिसर्च सेन्टर रखा गया है। माना जा रहा है कि यह विश्व में पहला पशु चिकित्सालय है जिसका नाम गौ माता के नाम पर होगा। गौरतलब है कि चंद्रमणि की पहचान अब देश दुनिया तक पहुंच चुकी है। रोजाना खुद से दरवाजे को धक्का मारकर दुकान पहुंचने वाली खबर देश के साथ ही विदेशों में प्रकाशित व प्रसारित हुई। विदेश के लंदन टाइम्स, रशियन टाइम्स, न्यूयार्क टाइम्स के साथ ही देश के नामी चैनल आज तक सहित कई चैनलों में गौ माता की खबर प्रसारित हो चुकी है। करीब 4 सौ मिलियन लोगों ने चंद्रमणि पर बनी खबर को देखा है। इसके अलावा अखबारों में भी खबर प्रकाशित होने के बाद रोजाना बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र से लोग गौ माता को देखने के लिए पहुंचते रहे है। गौमाता की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें मनोहर गौशाला में शिफ्ट किया गया है। यहां भी लोग कामधेनु माता के साथ चंद्रमणि का दर्शन का लाभ लेने पहुँच रहे हैं।

## संगीत विवि में मना वसंतोत्सव साथ महाकवि निराला जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इन्दिरा कला संगीत विवि में हिन्दी विभाग के तत्वावधान में संकाय स्तर पर निराला जयंती और वसंत उत्सव कार्यक्रम कला संकाय अधिष्ठाता प्रो मृदुला शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। अर्चन वंदन, स्वागत उपरांत डॉ. देवमाईत मिंज सह प्राध्यापक ने निराला रचित प्रसिद्ध लंबी कविता राम की शक्ति पूजा का सस्वर गान किया। उन्होनें निराला काव्य की विशिष्टता पर भी प्रकाश डाला।

डॉ कौस्तुभ रंजन मिश्र सह प्राध्यापक अंग्रेजी ने निराला की कविताए और अंग्रेजी कवि शैली, कीट्स व वड्र्सवर्थ की कविताओं पर सारगर्भित तुलनात्मक वक्तव्य दिया।

डॉ. पूर्णिमा केलकर संस्कृत विभाग ने संस्कृत साहित्य में वर्णित वसंत का परिचयात्मक वक्तव्य देते हुए निराला की कविताओं का पाठ किया। विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग प्रो राजन यादव ने वसंतपरक अनेक कवियों के छंदों का गान करते हुए बताया कि निराला के काव्य विविध वर्णीय है। ज्ञानवर्धन व गरिमापूर्ण इस आयोजन के लिए उन्होने हिन्दी साहित्य परिषद व शोधार्थियों की प्रशंसा की। प्रो मृदुला शुक्ल ने निराला व संस्कृत साहित्य में वर्णित वसंतपरक रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होनें अंग्रेजी और हिन्दी काव्य के तुलनात्मक अध्ययन के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में शोधार्थी मुमताज परवीन, लोभन वर्मा, रामेश्वरी महिलांगे सहित स्टुडेंट्स शीतला कहरा, गायत्री वर्मा, रामकृष्ण, संगम मिश्रा, प्रिय श्रीवास, छाया गोस्वामी, रुधीरचंद्र साहू, चिराग यादव, आयुष जैन व शैल कुमारी ने संस्कृत अंग्रेजी के वसंतपरक और निराला की कविताओं का गान किया।

आयोजन मे डॉ. मंगलानद झा, डॉ चैनसिंह नागवंशी, डॉ लक्ष्मी श्रीवास्तव, डॉ. मुजफ्फर भी उपस्थित थे। शोधार्थी चांद शेख, सविता वैष्णव, कृष्ण कुमार नेताम, दीप्ति जंघेल, मानसी रजक, नागेश्वरी का विशेष योगदान रहा। संचालन शोधार्थी ज्ञानेश्वरी, सरिता पटेल और आभार व्यक्त हिन्दी साहित्य परिषद अध्यक्ष दिव्या ब्रह्मभट्ट ने किया।

## मधुसूदन यादव की एकतरफा होगी जीत : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव व वार्डों में लड़ रहे भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के लिए एकतरफा जीत का दावा करते भाजपा मीडिया सेल ने बड़े मतदान प्रतिशत के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

भाजपा मीडिया सेल प्रभारियों योगेशदत्त मिश्रा, अशोक लोहिया व अमर लालवानी ने शहर का व्यापक दौरा करने के पश्चात कहा कि मतदान को लेकर मतदाताओं में बेहद उत्साह परिलक्षित हो रहा था।

खासकर महिलाएं लोकतंत्र में वोट के महत्व को पहचानते हुए लंबी-लंबी लाईनों में लंबा इंतजार करते देखी गई। शहर के लगभग हर हिस्से में मतदान का प्रतिशत अच्छा रहा। भारतीय जनता पार्टी के बूथों में जहां कार्यकर्ताओं व नागरिकों की भीड़ दिखलाई पड़ रही थी। वहीं विरोध में लड़ रहे प्रत्याशियों के बूथों में उपस्थिति नगण्य दिख रही थी।

मीडिया सेल प्रभारियों ने महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव सहित वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के बड़े बहुमत के साथ जीतने की बात कहते कहा कि पिछले एक वर्ष में राज्य सरकार जिस तरह से मोदी गारंटी की योजनाओं को धड़ाधड़ प्रारंभ किया, महिला बहनों को महतारी वंदन योजना से नवाजा तथा समाज के हर वर्ग के लिए जिस तरह से सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं प्रारंभ की, उससे स्थानीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी की एकतरफा बढ़त दिखाई दे रही है।

### शराब ले जाते दो पकड़ाए

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित शराब को बाइक में रखकर लाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालों पर पुलिस थाना गैंदाटोला द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई के तहत 10-11 फरवरी की दरम्यानी रात मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति पैशन प्रो मोटर साइकिल वाहन में सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में महाराष्ट्र निर्मित देशी संत्री शराब अवैध रूप से ग्राम ककोड़ी महाराष्ट्र की ओर से टिपानगढ़ की तरफ ला रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध शराब परिवहन कर रहे खेमचंद उम्र 21 वर्ष निवासी पालेभाट्टी और अजय कुमार 24 वर्ष निवासी ग्राम चिलाडबरी को अभिरक्षा में लेकर गवाहों की उपस्थिति में कार्रवाई करते आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में खाकी रंग के दो कार्टूनों में भरा हुआ 96 नग अवैध महाराष्ट्र निर्मित देशी संत्री शराब कीमती 6720 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया।

रानी सूर्यमुखी देवी आल इंडिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता, छग और उड़ीसा ने बनाई सेफा में जगह

# छत्तीसगढ़ और उड़ीसा फिर सेमी फाइनल में, पुल बी के मुकाबले शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी ऑल इंडिया टी-20 के लीग मैच के तीसरे दिन के मुकाबलों में उड़ीसा और छत्तीसगढ़ ने शानदार जीत दर्ज की है। यह दोनों ही टीम पिछले वर्ष की उपविजेता और विजेता रही है। इस बार भी दोनों ही टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

चैंपियनशिप में पुल ए के आखिरी मुकाबले सोमवार को खेले गए। पहला मुकाबला उड़ीसा क्रिकेट एसोसिएशन बनाम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला गया। जबकि दूसरे मुकाबले में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ बनाम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन आमने-सामने थे। यह दोनों ही मैच काफी रोमांचक रहे, जहां बल्लेबाजों के लंबे शॉटस देखने को मिले। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से आईपीएल प्लेयर और कप्तान अजय मंडल की घातक गेंदबाजी ने सपाट बीच में कहर ढा दिया। मंगलवार से चैम्पयनशिप के पुल बी के मुकाबले शुरू हो गए है। इसमें उत्तराखंड, राजस्थान, झारखंड और डीसीए राजनांदगांव की टीम शामिल है।

### अजय की गेंदबाजी ने ढाया कहर

लगातार तीसरे दिन पुल ए के मुकाबले के लिए उतरे छग स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने महाराष्ट्र इलेवन को करारी हार दी। सीएससीएस के कप्तान अजय मंडल ने महाराष्ट्र के 6 बल्लेबाजों का विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही लीग मैच के तीनों मुकाबले जीतकर सीएससीएस ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुल के आखिरी मैच में सीएससीएस के बल्लेबाजों ने जमकर बल्ले चलाए। पहले बल्लेबाजी करते महाराष्ट्र इलेवन ने 7 विकेट खोकर 152 रन बनाए। टीम की ओर से अंकुश सिंह 40 रन और सत्यम भोयर ने 34 रन बनाए। छग के कप्तान अजय मंडल ने घातक गेंदबाजी करते मात्र 4 ओवर में 6 बल्लेबाजों को चलता किया। 153 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे छग के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों पर कहर ढाया। ओपनर शशांक चंद्राकर 73 रन, आशीष डाहारिया 43 रन ने जबर्दस्त बल्लेबाजी से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। छग ने यह मुकाबला 15वें ओवर में ही 8 विकेट से जीत लिया। अजय मंडल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मुकाबले में दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने 19 छक्के और 33 चौके लगाए। स्व. महेंद्र सिंह भाटिया की स्मृति में अंशुल बग्गा द्वारा प्रदत्त मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार 5000 जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सदस्य अजय पांडे, राजस्थान स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के मैनेजर मानस चौधरी, डीसीए के सह-सचिव विनोद जैन, डीसीए के सदस्य दिलीप नगदिया, डीसीए के सदस्य निलेश रायचा ने दिया।



### आज खेले जाएंगे दो मैच

पहला मैच संध्या 4.30 बजे से उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन एवं झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के मध्य खेला जाएगा। वही 8.30 बजे दूसरा मुकाबला जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव एवं राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के मध्य खेला जाएगा।

### शिवम-वरूण की रही साझेदारी

विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन और ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेले गए मुकाबले ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस मैच में ओड़िसा ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच के दौरान बल्लेबाजों ने जमकर बल्ला भांजा। मुकाबले में दोनों टीमों की ओर से कुल 13 छक्के और 31 चौके लगे। पहले बल्लेबाजी करते विदर्भ ने 20 ओवर में 175 रन का स्कोर खड़ा किया था। विकेट कीपर बल्लेबाज शिवम देशमुख 56 रन और वरुण बिष्ट 43 रन ने 81 रन की साझेदारी की। ओड़िसा के गेंदबाज संबित को दो विकेट हासिल हुए। 176 रन का लक्ष्य ओड़िसा के लिए चुनौतीपूर्ण लग रहा था, लेकिन टीम के बल्लेबाजों ने मैदान में आते ही आक्रामक बल्लेबाजी की और लगातार लंबे शॉट्स लगाए। ओपनिंग करने उतरी टीम के कप्तान स्वास्तिक समल 51 रन ने 9 चौके और दो छक्के जमाते विदर्भ की गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। टीम के टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। संदिप मोहापात्रा (30) ने भी 200 की स्ट्राइक रेट से रन बटोरे। ओड़िसा के बल्लेबाजों ने 15.3 ओवर में ही खेल खत्म करते सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओडिसा के संबित के बेजा को स्व. महेंद्र सिंह बग्गा की स्मृति में अंशुल बग्गा, डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, डीसीए के सदस्य राजू तिवारी, रोहित पारख, नेम मैन ऑफ द मैच का 5000 रुपए प्रदान किया।

**CHANGE OF NAME**

It is informed to the general public that I, MONA SINGH W/o. RANA AJAY SINGH, Resident of House No. 50, MULTANI PARA, Ward No. 16, DONGARGARH, DIST- RAJNANDGAON CHHATTISGARH- 491445 have changes my old name MONA SINGH W/o. RANA AJAY SINGH, so in future I should be recognized by my new name that is SHREEMATI RANA MONA SINGH W/o. RANA AJAY SINGH in all government and other documents.

**SHREEMATI RANA MONA SINGH**
W/o. RANA AJAY SINGH
Resident of - House No. 50, MULTANI PARA, WARD No. 16, DONGARGARH
DIST.- RAJNANDGAON (C.G.) 491445





# वार्ड चुनाव के मतदान की झलकियां












राजनांदगांव। नगर निगम चुनाव के तहत मंगलवार को सुबह से ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने अपने-अपने क्षेत्र के वार्ड पार्षद चुनने के लिए बूथों में पहुंचते रहे। इस दौरान कई ऐसे बुजुर्ग भी दिखे, जो काफी मुश्किल से मतदान केन्द्र तक पहुंचे। पूरे चुनाव के दौरान युवाओं का खासा उत्साह देखने को मिला। खासकर जो पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे, उनमें मतदान को लेकर उत्सुकता रही। मतदान केन्द्रों के बाहर सुबह से लेकर देर शाम तक बड़ी संख्या में मतदाता सहित प्रशासनिक व पुलिस का अमला सक्रिय रहा।

फोटो : विकल्प श्रीवास्तव

































**निर्वाचन:** जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न

# जिले के 7 नगरीय निकायों में 74.10 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले के सभी सातों नगरीय निकाय का निर्वाचन 11 फरवरी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुआ। जिले के सात नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के चुनाव के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल के मार्गदर्शन में जिले के सात नगरीय निकायों जिसमें कवर्धा, पंडरिया नगर पालिका तथा नगर पंचायत बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पांडातराई व पिपरिया तथा इंदौरी में कुल 74.10 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के सातों नगरीय निकाय में कुल 58 हजार 361 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 28 हजार 900 और महिला मतदाता 29 हजार 461 शामिल है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि शाम 05 बजे तक नगर पालिका कवर्धा में 68.22, पंडरिया में 76.17, नगर पंचायत पिपरिया में 89.39, पाण्डातराई 84.97, बोड़ला में 75.68, सहसपुर लोहारा 81.77, इंदौरी में 79.79 प्रतिशत मतदान हुआ। कवर्धा नगर पालिका में कुल 26 हजार 755 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 13 हजार 253 और महिला मतदाता 13 हजार 502 शामिल है। नगर पंचायत पिपरिया में कुल 3 हजार 464 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 1 हजार 746 और महिला मतदाता 1 हजार 718 शामिल है। नगर पंचायत इंदौरी में कुल 3 हजार 775 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 1 हजार 865 और महिला मतदाता 1 हजार 910 शामिल है। पंडरिया नगर पालिका में कुल 11 हजार 209 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 5 हजार 491 और महिला मतदाता 5 हजार 718 शामिल है। पाण्डातराई नगर पंचायत में कुल 4 हजार 801 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### मतदाताओं ने लोकतांत्रिक अधिकार में दिखाई भागीदारी



जिले में नगरीय निकाय चुनाव में पिपरिया नगर पंचायत में दोपहर 4 बजे तक के मतदान में सबसे आगे रहते हुए 87.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पिपरिया के मतदाता मतदान को लेकर विशेष रूप से जागरूक नजर आए और सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं। इसके अलावा पांडातराई नगर पंचायत में 81.68 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में 79.13 प्रतिशत और इंदौरी नगर पंचायत में 78.97 प्रतिशत, नगर पालिका पंडरिया में 69.70 प्रतिशत, नगर पंचायत बोड़ला में 68.88 प्रतिशत और कवर्धा नगर पालिका में 60.89 प्रतिशत मतदान हुआ। इन इलाकों में भी मतदाताओं ने लोकतांत्रिक अधिकार के प्रति बड़ी संख्या में भागीदारी दिखाई दी।

### जिले के सातों नगरीय निकायों में मतदाताओं में दिखा भारी उत्साह, बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा


निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर 2 बजे तक जिले में कुल 54.01 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस दौरान नगर पालिका कवर्धा में 45 प्रतिशत. नगर पालिका पंडरिया में 52 प्रतिशत, नगर पंचायत बोड़ला में 56 प्रतिशत, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 68 प्रतिशत, नगर पंचायत पिपरिया में 77 प्रतिशत, नगर पंचायत इंदौरी में 72 प्रतिशत और नगर पंचायत पांडातराई में 67 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर 12 बजे तक जिले में कुल 33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस दौरान नगर पालिका कवर्धा में 24 प्रतिशत, नगर पालिका पंडरिया में 31 प्रतिशत, नगर पंचायत बोड़ला में 38 प्रतिशत, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 47 प्रतिशत, नगर पंचायत पिपरिया में 57 प्रतिशत, नगर पंचायत इंदौरी में 58 प्रतिशत और नगर पंचायत पांडातराई में 45 प्रतिशत मतदान हुआ था।

# स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का आज नगर आगमन, ठाकुरदेव चौक में भव्य स्वागत की तैयारी

■ सनातनियों व क्षेत्रवासियो में भक्तिमय का वातावरण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हिन्दू राष्ट्र अभियान के प्रणेता तथा सनातन धर्म के सर्वोच्च सर्वमान्य एवं सार्वभौम धर्मगुरु ऋग्वेदीय पूर्वमनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग का हिन्दू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत बेमेतरा से शाम 5:00 बजे कवर्धा आगमन होगा, जहां ठाकुरदेव चौक पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही। जगद्गुरु शंकराचार्य का 12 से 15 फरवरी तक कवर्धा की पावन धरा में मंगलमय प्रवास होने जा रहा है।



इस पावन अवसर पर आदित्यवाहिनी संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत की व्यापक तैयारी की गई है ठाकुरदेव चौक से जगतगुरु शंकराचार्य को स्वागत करते हुए बाइक रैली के माध्यम से नवीन बाजार, गुरु गोविंद सिंह चौक, वीर स्तम्भ चौक, अंबेडकर चौक, राजमहल चौक से होते हुए शहीद कौशल यादव चौक तक लाया जाएगा, उसके बाद शहीद कौशल यादव चौक से घड़ी घंटे और शंख की मंगल ध्वनि के साथ-साथ वैदिक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन करते हुए एवं आसपास के लगभग 25 कीर्तन मंडलियों एवं रामधुनी के साथ बूढ़ा महादेव मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर होते हुए यूनियन चौक स्थित आशीष दुबे के निवास स्थान तक उन्हें अभिनंदन पूर्वक लाया जाएगा जहां पूज्यपाद का 15 फरवरी तक आवास होगा।

वहीं 13 एवं 14 फरवरी को सुबह 11.30 बजे यूनियन चौक स्थित प्रांगण में दर्शन दीक्षा पादुका पूजन एवं संगोष्ठी का आयोजन होगा तथा दोपहर 3:30 बजे से सरदार पटेल मैदान में धर्मसभा का मंगलमय आयोजन होगा। जहां पूज्यपाद श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग के मुखारविंद से एवं उनकी अमृतमई वाणी में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभक्ति पर आधारित धर्मोपदेश श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

15 फरवरी को पुनः प्रातः कालीन सत्र में 11:30 बजे से दर्शन दीक्षा पादुका पूजन एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम यूनियन चौक में होगा उसके बाद शाम 4:00 बजे वे ग्राम मंड़मड़ा पाण्डातराई के पास के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां 16 तारीख को इसी भांति दर्शन दीक्षा पादुका पूजन संगोष्ठी एवं सायंकालीन सत्र में धर्म सभा का आयोजन होगा। आदित्य वाहिनी संस्था द्वारा समस्त सनातन धर्मावलंबियों से अपील की गई है कि वे लगभग 10 वर्षों के लंबे अंतराल के पश्चात प्राप्त श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग के पावन सानिध्य का लाभ लेने हेतु उपरोक्त समस्त कार्यक्रम में अवश्य पधारें तथा उनका आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनाएं।

## खबर संक्षेप

### एमए समाज शास्त्र का परीक्षा परिणाम जारी

**हरिभूमि कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने एमए समाजशास्त्र दिसंबर जनवरी 2024-25 का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसके तहत एमए समाज शास्त्र प्रथम सेमेस्टर में 663 परीक्षार्थी शामिल हुए थें, जिसमें से 636 परिक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। ओवरऑल परीक्षा परिणाम 95.93 प्रतिशत रहा। इसी तरह एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर में 532 परीक्षार्थी शामिल हुए थें, जिसमें 561 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। ओवरऑल परीक्षा परिणाम 96.99 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम विवि के वेबासाइड पर अपलोड की गई है। संबंधित परीक्षार्थी विवि के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।

# जर्जर व बदहाल सड़क दुर्घटना को दे रही न्योता, ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शहर व क्षेत्र को आपस में जोड़ने के लिए सड़क निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन जिम्मेदार ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों की भारी अनदेखी व देखरेख के अभाव में ग्राम कोलेगांव, बसनी, पेंड्री, हथमुड़ी, सेमरकोना व निगापुर तथा दामापुर सड़क की स्थिति जर्जर व बदहाल होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरो को आवागमन करने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार जर्जर व बदहाल सड़क की निर्माण कार्य के लिए शासन प्रशासन द्वारा ग्राम दामापुर से रूसे सड़क निर्माण कार्य की घोषणा किया गया, लेकिन आज पर्यंत तक इन सड़क की ना तो सुधार कार्य हुआ ना ही जर्जर व बदहाल सड़क की स्थिति में कोई सुधार हो पाया है। जिससे आवागमन व ग्रामीण तथा राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहें है। सड़क गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील हो चुकी है इसके बाद भी जिम्मेदार ठेकेदार व विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है।

जिसका खामियाजा रहवासियों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसी रोड सड़क पुरी तरह उखड़ कर इधर-उधर बिखरे चुकी है जिससे आवागमन बाधित हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधों व जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को सुविधा व आवागमन करने में राहत मिल सकें।

### स्कूल नहीं आने वाले विद्यार्थियों से घर जाकर शिक्षक कर रहे संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वी व 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होने वाली है इसी कड़ी में पंडरिया के शासकीय हाई स्कूल, सोमनापुर नया के शिक्षक शिक्षिकाएं स्कूल नही आने वाले विद्यार्थियों से उनके घर जाकर संपर्क कर रहे है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी छात्र पढ़ाई में पीछे न रहे और सभी विद्यार्थी आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार साहू ने बताया कि यह प्रयास इसलिए किया जा रहा है ताकि जो छात्र स्कूल नही पहुंच रहे है उनकी समस्याओं को समझा जा सकें और उन्हे उचित मार्गदर्शन दिया जा सके। शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को उनकी पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं को हल करने में सहायता की जा रही है साथ ही साथ अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विद्यालय प्रशासन ने प्रायोगिक परीक्षाओं और कक्षा 10वी व 12वीं के प्री बोर्ड परीक्षाओं को सफलता पूर्वक संपन्न कर लिया है।

### अंतर विभागीय लीड एजेंसी अध्यक्ष संजय ने जिले के ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया



**हरिभूमि कवर्धा।** सोमवार को पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर अंतर विभागीय लीड एजेंसी अध्यक्ष संजय शर्मा ने जिले के चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कुकदूर क्षेत्रांतर्गत आगरपानी घाटी का दौरा किया, जहां पूर्व में किए गए सुधारात्मक कार्यो को संतोषजनक बताया और शेष आवश्यक सुधारों के संबंध में निर्देश दिए। इसके पश्चात श्री शर्मा ने थाना कवर्धा क्षेत्र के महत्वपूर्ण ब्लैक स्पॉट्स, विशेष रूप से भोरमदेव तिराहा से मिनी माता चौक तथा थाना पिपरिया क्षेत्र में स्थित बालाजी पेट्रोल पंप से इंद्रौरी बस स्टैंड तक के चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, थाना प्रभारी कुकदूर जेएल सांडिल्य तथा यातायात विभाग के अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित थें। संजय शर्मा ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभागों को सख्ती से सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ किया जाए, सड़कों पर उचित संकेतक, यातायात जागरूकता अभियान एवं संरचनात्मक बदलाव सुनिश्चित किए जाएं ताकि दुर्घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सके। जिन स्थानों पर पहले से सुधारात्मक कार्य किए गए हैं, वहां उनकी प्रभावशीलता की नियमित समीक्षा की जाए, जिन क्षेत्रों में अभी सुधार आवश्यक हैं, वहां बिना किसी देरी के कार्यवाही की जाए। अंत में श्री शर्मा ने यातायात विभाग एवं स्थानीय थाना अधिकारियों को पूरी सक्रियता के साथ ब्लैक स्पॉट्स के सुधार की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद, 15 को आएगा परिणाम

**हरिभूमि कवर्धा।** नगरीय निकाय को लेकर मंगलवार को मतदाताओं ने नगरीय सरकार चुनने के लिए उत्साह व जज्बे के साथ मतदान किया। अब ईवीएम मशीनों में बंद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 15 फरवरी को वोटों की गिनती के बाद हो सकेगा। नगर पालिका क्षेत्र में छिट-पुट घटनाओं को छोड़कर 52 मतदान बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। नगर पालिका कवर्धा में 68.22 प्रतिशत करीब मतदान हुआ है। मतदान बूथों पर मतदान धीमी गति से होने व कुछ जगह में तकनीकी खामी के चलते शाम 5 बजे बाद तक मतदान चलता रहा। शाम 5 बजे तक कतार में लग चुके मतदाता देर शाम को वोट देने के बाद मतदान केन्द्र से बाहर निकले। हालांकि अब 15 फरवरी को वोटों की गिनती के साथ प्रत्याशियों की हार-जीत का फैसला सामने आएगा। इधर शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर प्रशासन एवं पुलिस-फोर्स मुस्तैद रही। पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी दिन-भर भागदौड़ करते नजर आए। चुनाव पर्यवेक्षक अधिकारी रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहे, शिकायत मिलने पर कई केन्द्रों का निरीक्षण किया। इधर पुलिस शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर पुलिस फोर्स के साथ भागदौड़ करते नजर आए। मतदान केन्द्रों पर तैनात पुलिस -प्रशासन ने शाम 5 बजे तक कतार में लग चुके मतदाताओं को अंदर प्रवेश करने के बाद मुख्य गेट बंद कर दिया और मतदान के लिए पीआरओ के हस्ताक्षर करवाकर पर्चियां वितरित की, वहीं शाम 5 बजे के बाद तक मतदान किए।

# आज माघ पूर्णिमा पर्व पर विशाल मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

प्रसिद्ध प्राचीन धार्मिक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थल झिरना नर्मदा में माघ पूर्णिमा मेले की आयोजन किया गया है, जिसमें 11 फरवरी सर्वप्रथम प्रथम दिवस व्यापारियो का आगमन एवं अपने दुकानो, झुलो को सजाकर तैयार जोरों से किया जा रहा है। वहीं 12 फरवरी को मांघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर पवित्र कुण्ड में स्नान-दान व शिवालय में विधि विधान से पूजा अर्चना व मेले का आयोजन होगा साथ ही साथ तृतीय दिवस 13 फरवरी को भव्य मंड़ई मेला का का आयोजन किया जाएगा। जिसमें यादव समाज की टोलियां द्वारा रंग-बिरंगे पोशाको, परिधानो में सजकर नाचते-गाते अपना शौर्य प्रदर्शन करते हुए मंदिरों एवं जलकुण्ड की प्रदक्षिणा कर दोहा लगाते हुए अपने पूजा स्थल पहुंचकर नृत्य किया जाएगा। वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों में झिरना मेला को लेकर भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# पूर्णिमा आज, नर्मदा कुंड में लोग लगाएंगे डुबकी

**सड़क अतरिया।** नर्मदा में माघ पूर्णिमा के अवसर पर कल बुधवार को कुंड में डुबकी लगाने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। पुन्नी मेला को लेकर सोमवार से दर्शनार्थियों का रेला लगा हुआ है। तीन दिवसीय मेला महोत्सव को लेकर नर्मदा सहित अन्य मंदिरों को आकर्षक लाईटिंग कर सजाया गया है। नर्मदा मेला महोत्सव का शुभारंभ मौके पर भाजपा नेता राकेश ठाकुर, तीरथ चंदेल, रवि भवनानी, आनंद पटेल, बिसाहू राम सिन्हा की मौजूदगी में मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर दीप जलाया गया। माघ पूर्णिमा के अवसर पर कल दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ सकती है। मेला में झुला, श्रृंगार, खिलौने, जलपान की दुकानों में खासी भीड़ देखने को मिल रही है। बुधवार को लोक मंजीरा रायपुर के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

सरकार की योजनाओं से कराया अवगत

# छात्राओं के लिए उद्यमिता पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत डॉ. बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी डॉ. एके धमगाये के निर्देशन में महिला स्वरोजगार पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला आगामी 15 फरवरी तक चलेगी। कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को दीप प्रज्वलन एवं राजगीत के साथ हुआ ।

पहले दिन मुख्य वक्ता राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर सचिन वर्मा ने महिला स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दिया। उन्होंने रोजगार के क्षेत्र में जेंडर सेंसटाइजेशन विषय पर विचार रखें। उन्होंने महिला स्वरोजगार के उद्देश्य बताएं। उन्होंने बताया कि महिलाएं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बिना गारंटी के ऋण लेकर व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। स्टैंड अप इंडिया योजना में महिलाओ को 10 लाख से 1 करोड़ तक का ऋण मिलता है ताकि वह उद्यमिता में कदम रख सकें। उन्होंने छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना के माध्यम से भी वित्तीय सहायता मुहैया कराया जाता है। वहीं महिला उदयमिता प्लेटफॉर्म मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराता है। महिला शक्ति केंद्र योजना के तहत नेतृत्व और कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है।



### उद्यम के क्षेत्र में कदम रखें युवतियां

कार्यशाला में सहायक प्राध्यापक बी महोबिया, डॉ सीके साहू, रेणुका ठाकुर ने भी महिला स्वरोजगार विषय पर अपने विचार रखे गए। प्राध्यापकों ने विपरीत परिस्थितियों में भी छात्राओं को हिम्मत रखने एवं आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया। अंत में कार्यशाला की संयोजक प्रियांकी गजभिए ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन डॉ.नम्रता देवांगन, शिल्पा वासनिक ने किया।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप


प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने किया मतदान।


क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने सपत्निक स.लोहारा में किया मतदान।


पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सपरिवार पहुंचे मतदान करने


कलेक्टर करते रहे मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण


मतदान करने केन्द्रों में पहुंचे मतदाताें का किया गया स्वागत


संगीत महाविद्यालय में लगाई गई वाद्य यंत्रों की प्रदर्शन, बनाया गया सेल्फी जोन


मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक आने से नहीं रोक पाई उनकी समस्या


मतदान केन्द्र पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ लोगों ने ली सेल्फी

**मतदान:** मतदान को लेकर महिलाओं, युवाओं व अन्य मतदाताओं में दिखा उत्साह

# नगर की सरकार का चुनाव करने मतदाताओं ने डाली मतों की आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका परिषद के लिए मंगलवार को हुआ मतदान नगर के सभी 52 मतदान केन्द्रो में शांतिपूर्ण ढंग से निपट गया। कुछ मतदान केन्द्रों में जरूर मतदातों के नामों को लेकर माहौल नरम-गरम होता रहा लेकिन तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस व जिला प्रशासन की समझाईश के चलते कहीं भी तनाव की स्थिति निर्मित नहीं हुई। कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में मतदान को लेकर मतदाताओं और राजनीतिक पार्टियों में सुबह से ही उत्साह देखा जा रहा था। सुबह 8.00 बजे प्रारंभ हुई मतदान प्रक्रिया धीमी गति से शुरू हुई। प्रारंभिक दौर में मतदान केन्द्रो तक सिर्फ कामकाजी पुरूष मतदाता ही पहुंच पाए थे लेकिन धीरे-धीरे सभी मतदाता घरों से निकलकर अपने-अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंचने लगे। दोपहर 01.00 बजे तक कवर्धा नगर पालिका के सभी 52 मतदान केन्द्रों में लगभग 24.00 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान में पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। दोपहर में चौका चुल्हा से निवृत्त होने के बाद महिलाओं की टोलियां मतदान केन्द्रो में पहुंचने लगी थी। नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 27 तक के सभी बूथों में महिला मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिली। महिला मतदाताओं के अलावा युवा मतदाताओं ने भी अपने मनपसंद प्रत्याशियों को चुनने खासा उत्साह दिखाया। मतदाताओं को अपने मतदान केन्द्र खोजने में कोई तकलीफ न हो इसके लिए सभी प्रत्याशियों ने निर्धारित दूरी पर टेंट लगाकर अपने समर्थकों को तैनात किया था। वहीं कुछ प्रत्याशियों ने मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने-ले जाने की भी सुविधा मुहैया कराई थी। मतदान केन्द्रों में नजर रखने भी पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को तैनात कर रखा था। इसके अलावा राजनीतिक दलों के पदाधिकारी भी नगर के सभी बूथों का निरीक्षण करते रहे। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न हो इसके लिए नगर के सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के प्रबंध कि गए थे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी लगातार मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जाता रहा। कुल मिलकर कवर्धा नगर पालिका के सभी वार्डो में शांति पूर्व ढंग से निपट गया।



### मतदाता सूची में गड़बड़ी के चलते नाम खोजते रहे मतदाता, उठानी पड़ी परेशानी

इस बार मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पूर्व से ही जिस प्रकार मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे उसका परिणाम 11 फरवरी को मतदान दिवस के रोज भी देखने को मिला। बताया जाता है कि कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के वार्डो के ऐसे कई मतदाता सामने आए जिनके नाम उस वार्ड में थे ही नहीं। जिसके चलते उन्हें काफी भटकना पड़ा। इस गड़बड़ी के चलते मतदाताओं में काफी असंतोष और नाराजगी भी देखने को मिली। माना तो ये भी जा रहा है कि इस गड़बड़ी का असर मतदान के प्रतिशत पर भी पड़ा है।

### प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 15 को

11 फरवरी को हुए मतदान में मतदाताओं ने मतों की आहूति डालते हुए नगर पालिका कवर्धा के चार अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के साथ 27 वार्डो के कुल 71 उम्मीदवारों, पंडरिया नगर पंचायत, पांडातराई नगर पंचायत, बोडला नगर पंचायत, स. लोहारा नगर पंचायत, पिपरिया नगर पंचायत तथा इंदौरी नगर पंचायत के प्रत्याशियों के भाग्य मत पेटियों में बंद कर दिया है। जिसका फैसला मतदान के ठीक चौथे दिन यानि 15 फरवरी को होगा। मतदान के बाद अब सभी प्रत्याशियों सहित आम लोगों की नजरे 15 फरवरी पर टिकी हैं, जब मत पेटियां खोली जायेंगी और प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला सुनाया जायेगा।

### जिले में कुल 74.10 प्रतिशत, मतदान में पिपरिया अव्वल, कवर्धा फिसड्डी

इससे पूर्व वर्ष 2019 में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव के मत प्रतिशत के आंकड़ों की तुलना इस बार के नगरीय निकाय चुनाव से किया जाए तो इस बार मतदान का प्रतिशत लुड़क गया है। बीते नगरीय निकाय चुनाव में जहां जिले के नगरीय निकाय चुनाव का प्रतिशत 75.41 था वहीं इस बार यह 1.31 प्रतिशत लुड़ककर 74.10 प्रतिशत रह गया है। जिला निर्वाचन से मिली जानकारी के मुताबिक 11 फरवरी को हुए नगरीय निकाय चुनाव में कवर्धा नगर पालिका में 68.00, पंडरिया नगर पालिका में 76.17, नगर पंचायत पिपरिया में 89.39, इंदौरी में 79.79, पाण्डातराई में 84.97, बोड़ला में 75.68 तथा नगर पंचायत स लोहारा में 81.77 प्रतिशम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें सबसे ज्यादा मतदान नगर पंचायत पिपरिया में कुल 87.39 प्रतिशत और सबसे कम कवर्धा नगर पालिका में मात्र 68.22 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## विजय शर्मा ने गृह नगर कवर्धा पहुंचकर किया मतदान



■ मतदाता केन्द्र व राज्य सरकार के अनुकूल चाहते हैं निकायों सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका के चुनाव में मतों की आहूति डालने 11 फरवरी को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा भी पहुंचे।

उन्होनें कवर्धा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 23 के बूथ क्रमांक 238 में अपना मतदान बकायदा आम मतदाताओं की तरह लाईन में लगकर तथा अपना क्रम आने के बाद किया। मतदान केन्द्र से मतदान कर बाहर निकले श्री शर्मा ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि माहौल भाजपा के पक्ष में है और पूरे प्रदेश सहित कवर्धा में भाजपा के प्रत्याशी जीत कर आएंगे यह हमारा विश्वास है। उन्होने कहा कि विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में महज साल भर में ही भाजपा की सरकार ने कवर्धा शहर में इतने विकास कार्य किए हैं जितने बीते पांच सालों में नहीं हो पाए है।

नगर में रूके पड़े विकास कार्यों, सौंदर्यीकरण कार्य, नवीन बस स्टैण्ड पहुंच मार्ग, मेडिकल कॉलेज सहित दुकानो की निलामी जैसे तमाम कार्यो को प्रारंभ किया गया है। उन्होने कहा कि मतदाता केन्द्र, राज्य की तरह नगरीय निकायों में भी अनुकूल सरकार चाहता है ताकि क्योंकि लोगों पर भाजपा पर भरोसा है। विजय शर्मा की ही तरह पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी अपने गृह नगर कवर्धा पहुंचकर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती एश्वर्या सिंह के साथ नगर के वार्ड 26 के बूथ क्रमांक 237 में मतदान किया।

वहीं सांसद संतोष पाण्डेय ने नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 9 में मतदान किया। उन्होंने सभी नगरीय निकाय में भाजपा की जीत का दावा किया है।

## जिले के नगरीय निकाय चुनाव में पुरुष मतदाताओं ने मारी बाजी, महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी रही कम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



अमुमन चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाली महिला मतदाता इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में पुरूषों की अपेक्षा पीछे नजर आई। जिला निर्वाचन से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार जिले में हुए कुल 74.10 प्रतिशत मतदान में निकाय अनुसार महिला और पुरूष मतदान के आंकड़ों को देखा जाए तो कवर्धा नगर पालिका में 69.11 प्रतिशत पुरूष, महिला 67.38 प्रतिशत, पंडरिया नगर पालिका में 76.80 प्रतिशत पुरूष, 76.80 प्रतिशत महिला, नगर पंचायत पिपरिया में 89.58 प्रतिशत पुरूष, 89.20 प्रतिशत महिलाओं, नगर पंचायत इंदौरी में 80.88 प्रतिशत पुरूष, 78.76 प्रतिशत महिलाओं, नगर पंचायत पाण्डातराई में 86.78 प्रतिशत पुरूष, 83.19 प्रतिशत महिलाओं, नगर पंचायत बोड़ला में 76.80 प्रतिशत पुरूष, 74.60 प्रतिशत महिलाओं तथा नगर पंचायत स.लोहारा में 82.95 प्रतिशत पुरूषों एवं 80.67 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगरीय निकाय चुनाव में इस बार महिलाओं के कम मतदान प्रतिशत को लेकर भी कई सवाल उठाए जा रहे हैं। पुरूषों की अपेक्षा 2.63 प्रतिशत महिलाओं के कम मतदान की वजह क्या है यह तो फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन निश्चित रूप से यह एक विश्लेषण के साथ चिंता का भी विषय है।

## नगर पंचायत पिपरिया में भारी मतदान, जिले में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया



पिपरिया नगर पंचायत में भारी मतदान लगभग 90 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस संबंध में भाजपा के पिपरिया चुनाव प्रभारी जसविंदर बग्गा ने कहा कि यह भाजपा की प्रदेश सरकार के प्रति सकारात्मक मतदान है। ये मतदान सरकार की एक वर्ष के जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति आम जनता का विश्वास है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने जिस तरह 1000 रुपए प्रति माह की राशि महिलाओं के सम्मान में महतारी वंदन के रूप में दिया जा रहा है, जिस तरह किसानों का हर दाना धान खरीदकर अंतर की राशि एक मुश्त खाते में डाली गई है, जिस तरह कांग्रेस राज के घोटालों की जांच कर दोषियों को जेल भेजा जा रहा है, उससे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल बना है। उन्होने कहा कि आज हुए मतदान में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया है। नगर पंचायत पिपरिया के मतदाताओं में मतदान को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला है।

## ग्राम राजानवागांव में 4 दिवसीय अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन




बोड़ला। विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम राजानवागांव में 4 दिवसीय अखंड नवधा रामायण बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ गत 8 फरवरी को किया गया। जिसमें प्रतिंदन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर रामनाम का रसपान किया और अपार आंनद की अनुभूति की। आयोजकों के मुताबिक अखण्ड नवधा रामायण में ग्राम लाटा, चिखली, हरमो, कटगो, बेमेतरा, कवर्धा खिरसाली, भागुटोला, खैरागढ़, खैरबना, कोड़ार, रेंगाखर, बरपेला टोला, अमरौड़ी एवं अन्य स्थानों से मानस मंडली श्री राम कथा की प्रस्तुति देने पहुंची थी। सभी मण्डलियों को आयोजन समिति द्वारा तिलक लगाकर श्रीफल तथा राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का समापन हवन पूजन कर 11 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम के समापन दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

**बसंत ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही मौसम का यू टर्न**

## बदलते मौसम के साथ माथे से छलकने लगा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लगभग पूरी शीत ऋतु के दौरान लोगों को कभी कंपकपाने तो कभी भिगाने वाला मौसम, अब चिलचिलाती धूप में लोगों को झुलसाने लगा है। आलम ये है कि फरवरी माह के अंतिम दिनों में ही लोगों के माथे से पसीना छलकने लगा है और उन्हें अब चिलचिलाती धूप चुभने लगी है। गौरतलब है कि बसंत ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही अंचल के मौसम ने एक बार फिर अपना मिजाज बदल दिया है। हालांकि अभी भी मौसम में ठंडकता शेष रह गई है। लेकिन इस ठंड का एहसास अब सिर्फ मध्य रात्रि के बाद और सूर्योदय के पूर्व ही हो रहा है, वह भी न के बराबर। वहीं जहां तक दिन की बात की जाए तो अब भोर फटने के साथ ही चिलचिलाती धूप खिल रही है जो दोपहर होते-होते लोगों को चुभने लगती है। आलम ये है कि कुछ दिनों पूर्व तक गुनगुनी धूप में बैठकर आनंद लेने वाले अब इससे तौबा करने लगे हैं और बाहर निकलने के पूर्व धूप से बचने के उपाय कर रहे हैं। मौसम के इस मिजाज को देखकर ऐसा अनुमान लगाया है रहा है कि हर बार की तरह इस बार भी ग्रीष्म ऋतु अपने पूरे सवाब पर रहेगी और आने वाले मार्च, अप्रैल, मई, जून, के महिने में अंचलवासियों को जमकर झुलसायेगा।



### बाजार में भी दिखने लगी ग्रीष्म ऋतु

मौसम के बदलते तेवर को देखते हुए बाजार में भी ऋतु परिवर्तन नजर आने लगा है। कुछ दिनो पूर्व तक जहां नगर के बाजार में जहां-तहां गर्म कपड़ों की दुकान नजर आया करती थी वहीं अब गन्ना रस, कोल्ड ड्रिक, जूस आदि की दुकाने नजर आने लगी हैं। हालांकि शुरूआती दौर में इनकी संख्या कम है लेकिन कुछ दिनो में इनकी संख्या तेजी से बढ़ जायेगी।यहां बताना लाजमी होगा कि धारा 363, 366, 376 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के आरोपी जयसिंह द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया जा चुका था। बावजूद उसे पुलिस ने अस्पताल में स्वतंत्र छोड़ दिया गया था। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर उसने पुनः आत्महत्या का प्रयास किया होता या उसकी मौत हो जाती तो इसका जिम्मेदार किसे ठहरा जाता। इस मामले में जानकारों की माने तो पुलिस ने अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने का काम किया है।

## कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने मंगलवार को मतदान दिवस के मौके पर कवर्धा स्थित स्वमी करपात्री जी स्कूल के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान की प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया और पीठासीन अधिकारी तथा मतदान दल से मतदान की स्थिति, प्रतिशत, और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी ली। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मतदान केंद्रों पर कर्मचारियों की तैनाती, मतदान सामग्री और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर कार्यरत पीठासीन अधिकारियों से मतदान की प्रगति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मतदान के प्रतिशत के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीठासीन अधिकारी से पूछा कि मतदान में किसी प्रकार की कोई रुकावट या समस्या तो नहीं आ रही है। इसके साथ ही उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं, जैसे कि बैठने की व्यवस्था, पानी की उपलब्धता, का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। कलेक्टर वर्मा ने कहा हमारा उद्देश्य है कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। सभी प्रशासनिक अधिकारी और मतदान दल इस प्रक्रिया में अपना योगदान दे रहे हैं, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।